सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान
MDNIY
मो.दे.रा.यो.सं.



MDNIY

E-NEWSLETTER

APRIL 2025

प्रधान संपादक की कलम से

संपादकीय टीम

प्रधान संपादक

डॉ. काशीनाथ समगंडी
निदेशक, मो.दे.रा.यो.सं.

प्रबंध संपादक

मो. तैयब आलम
संचार एवं प्रलेखन अधिकारी,
और उपनिदेशक (प्रभारी)

संपादक

सौदामिनी सिंह
वरिष्ठ सलाहकार (मीडिया)

संतोष सिंह
सलाहकार (मीडिया)

डिजाइन

निहाल हसनैन
वरिष्ठ सलाहकार (डिज़ाइनर)

ताज़ा जानकारी के लिए जुड़ें:

@mdniyayush

@mdniyyoga

@mdniy

@mdniyyoga

हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा केवल सैद्धांतिक या पाठ्यपुस्तक आधारित ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए; उसका आधार व्यावहारिक अनुभव और जीवन की यथार्थ समझ में निहित होना चाहिए। जब तक शिक्षा की प्रक्रिया का वास्तविक जीवन से सार्थक जुड़ाव नहीं होता और वह विद्यार्थियों को रचनात्मकता व उद्देश्यपूर्ण ढंग से अपने ज्ञान के प्रयोग के लिए प्रेरित नहीं करती, तब तक शिक्षा केवल सतही बनी रहती है और उसका प्रभाव अल्पकालिक होता है। सच्ची सफलता तभी मिलती है, जब गहरा आत्मविश्वास और आंतरिक प्रेरणा हो, चाहे वह व्यक्ति हो या संस्था।

प्रधान संपादक
डॉ. काशीनाथ समगंडी
निदेशक, मो.दे.रा.यो.सं.

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (मो.दे.रा.यो.सं.) में हमने योग के हर पहलू—उसके अभ्यास, तकनीकी उपयोग, अनुसंधान और नवाचार—में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय किए हैं और योजनाबद्ध गतिविधियाँ बनाई हैं। हमारा उद्देश्य योग के माध्यम से समग्र विकास की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जो मन, शरीर और आत्मा—तीनों को सकारात्मक रूप से विकसित करे।

योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र शैली है। यह मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे आंतरिक शांति और मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है। योग अनुशासन को प्रोत्साहित करता है, लचीलापन बढ़ाने के साथ मांसपेशियों को मजबूत करता है, शरीर को सुसंगठित बनाता है और तनाव के प्रबंधन में मदद करता है। यद्यपि यह देखने में केवल एक व्यायाम जैसा प्रतीत हो सकता है, लेकिन यह हमारे सोचने, महसूस करने और शारीरिक प्रक्रियाओं को गहराई से रूपांतरित कर देता है। संक्षेप में कहें, तो योग आनंद की ओर ले जाने वाला मार्ग है, और यह हमें निराशा से आशा, अव्यवस्था से व्यवस्था और शांति की ओर ले जाता है।

यौगिक दर्शन के सिद्धांतों से प्रेरित होकर हम आज की जटिल समस्याओं के लिए प्रामाणिक और बेहतर समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं। मो.दे.रा.यो.सं. पूरे देश में योग को लोकप्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जमीनी स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हम योग के परिवर्तनकारी लाभों को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।

हमारी दृष्टि चार मूल स्तंभों पर आधारित है, कड़ी मेहनत, पारदर्शी संवाद, टीम भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की गहरी समझ। हम अपने विद्यार्थियों को न केवल आज की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए भी सजग बनाते हैं।

वर्तमान समय में हमारा पूरा ध्यान आईडीवाई 2025 के 100 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम पर केंद्रित है। हमारा सामूहिक लक्ष्य है कि आगामी 21 जून 2025 का आयोजन ऐतिहासिक और सफल बने। इस वैश्विक आयोजन का उद्देश्य योग की पहुँच को और व्यापक बनाना, स्वास्थ्य, कल्याण और विश्व शांति में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करना और व्यापक जन—जागरूकता उत्पन्न करना है।

आइए, हम सब एकजुट होकर इस ऐतिहासिक अभियान में पूरे समर्पण के साथ भाग लें और योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर इसे जन—जन तक पहुंचाएं।

आप सभी को आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएँ।

From the Desk of Editor-in-Chief

Editorial Team

Editor-in-Chief
Dr. Kashinath Samagandi
Director, MDNIY

Managing Editor
Md. Taiyab Alam
Communication & Documentation Officer, and Deputy Director (I/c)

Editor
Saudamini Singh
Senior Consultant (Media)

Santosh Singh
Consultant (Media)

Design by
Nihal Hasnain
Senior Consultant (Designer)

Catch the latest updates:

@mdniyayush

@mdniyyoga

@mdniy

@mdniyyoga

We firmly believe that education should not be confined to theoretical or textbook knowledge alone; it must be rooted in practical experience and a real understanding of life. Unless the learning process is meaningfully connected to real-world situations and inspires learners to apply their knowledge creatively and purposefully, education remains superficial and its impact short-lived. True success—whether of an individual or an institution—can only be achieved when there is a deep sense of self-confidence and inner motivation.

Editor-in-Chief
Dr. Kashinath Samagandi
Director, MDNIY

At Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY), we have set clear objectives and meticulously planned activities aimed at achieving excellence in all aspects of Yoga—its practice and technical applications; research and innovation. Our aim is to nurture a culture of holistic development through Yoga, touching minds, bodies, and spirits.

Yoga is not just a practice; it is a way of life. It harmonises the mind, and body, promoting inner peace and balance. It cultivates discipline, improves flexibility, enhances muscle strength, tones the body, and supports better management of stress. Though it may appear to be mere stretching, Yoga profoundly transforms how we feel, look, and move helping to align the mind & body in a meaningful way. At its core, Yoga is a journey towards happiness—the ultimate purpose of life—and a path that leads us from despair to hope, from chaos to calm.

Guided by the principles of Yogic philosophy, we seek authentic and sustainable solutions to modern-day challenges. MDNIY has been relentlessly working to popularise Yoga across the country. Through a range of grassroot programmes, we strive to bring the transformative benefits of Yoga to every individual.

Our vision is built upon the pillars of hard work, transparent communication, teamwork, and a strong sense of social responsibility. We encourage our students not only to meet today's challenges with confidence but also take pride in shouldering their noble responsibilities towards society and nation-building.

Currently, our full focus is on the 100-day countdown to the International Day of Yoga (IDY) 2025. Our collective goal is to make the celebration on 21st June 2025, a grand success. The objective of this global event is to expand the reach of Yoga, highlight its relevance to health, well-being, and world peace, and build momentum through the 100-day campaign.

Let us all come together, contribute wholeheartedly, and be part of this historic movement.

Wishing you all great success in your future endeavour.

'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' – प्रधानमंत्री ने दी आईडीवाई–2025 की प्रेरणादायक थीम

30 मार्च 2025 को अपने 'मन की बात' संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया और फिट इंडिया कार्निवल तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जैसी पहलों की प्रशंसा की। स्वस्थ विश्व जनसंख्या के लिए भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा, "योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। यानी हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं।"

लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम के 120वें एपिसोड के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा, "योग दिवस में अब 100 दिन से भी कम समय बचा है। अगर आपने अभी तक योग को अपने जीवन में शामिल नहीं किया है, तो अभी करें, अभी भी देर नहीं हुई है। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 साल पहले 21 जून, 2015 को मनाया गया था। अब यह दिन योग के एक भव्य उत्सव का रूप ले चुका है। ये भारत की तरफ से मानवता को एक ऐसा अनमोल उपहार है, जो आने वाली पीढ़ियों के बहुत काम आने वाला है।"

दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के लिए तैयार हो रही है और 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम इसके केंद्र में है, जिसके इर्द–गिर्द कई तरह की गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। 2025 की थीम शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो स्थिरता और एकता के लिए वैश्विक आह्वान के साथ रेखांकित है।

Hon'ble PM announces inspiring IDY-2025 Theme - 'Yoga for One Earth One Health'

In his latest Mann Ki Baat address on 30 March 2025, Hon'ble PM Shri Narendra Modi emphasised the importance of fitness in daily life and praised initiatives like the Fit India Carnival and International Day of Yoga. While sharing India's vision for a healthier world population, Hon'ble PM mentioned, "The theme of Yoga Day 2025 is 'Yoga for One Earth One Health'. That is, we wish to make the whole world healthy through Yoga."

During the 120th episode of the programme, Hon'ble PM said, "Now less than 100 days are left for Yoga Day. If you have not included Yoga in your life, do it now. it is not too late yet. The first International Day of Yoga was celebrated 10 years ago on the 21st of June, 2015. Now this day has taken the shape of a grand festival of Yoga. This is such a priceless gift from India to humanity, which is going to be very useful for future generations."

As the world gears up for IDY 2025, the theme "Yoga for One Earth One Health" takes centre stage and a wide range of activities revolving around it are being held. This year's theme highlights Yoga's role in promoting physical, mental, and environmental well-being, aligning with global calls for sustainability and unity.

योग को वैश्विक स्तक पर बढ़ावा देने के लिए पद्मश्री मारवाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की

जेद्दाह, सऊदी अरब, 21 अप्रैलः एशियाई योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन (एवाईएसएफ) की अध्यक्ष और भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित नौफ–अल–मारवाई ने एएनआई से बातचीत में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सऊदी अरब यात्रा और योग को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने में उनकी सराहनीय भूमिका पर प्रकाश डाला।

एवाईएसएफ की अध्यक्ष ने बताया कि कैसे योग ने उन्हें ल्यूपस एरिथेमेटोसस नामक एक गंभीर बीमारी से उबरने में मदद की और यही अनुभव उनके लिए योग से प्रेम की शुरुआत बना।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा पर उन्होंने कहा, "यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और सऊदी अरब के बीच सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध मजबूत हैं।"

उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी को "योग के महान समर्थक" के रूप में सराहा और कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, जो हर साल 21 जून को मनाया जाता है, उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि "यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि इससे नए लोग योग से जुड़ते हैं, योगी इसे उत्साह से मनाते हैं। खेल मंत्रालय, नेशनल ओलंपिक कमेटी, योगशालाएं, योग सेंटर और योग साधक इसमें भाग लेते हैं। यह एक बहुत बड़ा आयोजन बन चुका है।

उन्होंने आगे बताया, "कई अरब देश अब योग में रुचि दिखा रहे हैं और नियमित रूप से योग की गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। अरब देशों में योग संघों को उनके राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटियों और खेल मंत्रालयों से मंजूरी मिल गई है। हम अब संगठित तरीके से योग को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं।"

Arab world embraces Yoga: Padma Shri Marwaai credits PM Modi's role

Jeddah, Saudi Arabia. April 21: Nouf-Al-Marwaai, President of the Asian Yogasana Sports Federation (AYSF) and recipient of India's fourth-highest civilian award, Padma Shri, spoke to ANI on her journey with the discipline, PM Narendra Modi's visit to Saudi Arabia and his role in promotion of Yoga worldwide.

The AYSF president spoke on how Yoga helped her heal from symptoms of a chronic disease named lupus erythematosus and how this "life-changing experience" started her journey into Yoga.

Speaking on PM Modi's visit to Saudi Arabia, she said, "It is really significant because Saudi Arabia and India share a lot of cultural and strategic ties. This is an important visit."

Marwaai also hailed PM Modi as a "great supporter of Yoga" and said that the International Day of Yoga which is celebrated on June 21 every year, is largely because of his efforts.

"We all thank PM Modi for that. It is not just a celebration for one day, new people come to know of Yoga, yogis are excited to celebrate it. Every ministry of sports, National Olympic Committees, Yogashalas, Yoga centres, Yoga practitioners, etc celebrate it. It is a big phenomenon.

"Many Arab countries are interested in Yoga and participating in Yoga activities.The federations of Yoga in Arab nations are approved by their respective national Olympic committees and ministries of sports. We are working in a more organised way to promote Yoga," she added.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 से 75 दिन पूर्व योग हरित योग का शुभारंभ

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 7 अप्रैल,2025 को एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें 6000 से अधिक योग प्रेमियों ने कलिंग स्टेडियम में सामान्य योग अभ्यासक्रम का अभ्यास किया। 10 सिग्नेचर इवेंट्स में से एक, 'हरित योग' का शुभारंभ किया गया, जिसमें आयुष राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर औषधीय पौधे लगाए।

माननीय मंत्री जी ने 'हरित योग' पहल के बारे में कहा,"हमारा स्वास्थ्य भूमंडलीय स्वास्थ्य से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार योग हमारे मन और शरीर को पोषण देता है, उसी प्रकार वृक्षारोपण पृथ्वी को पोषण देता है, तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा–भरा और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है।"

योग के स्थायित्व और पर्यावरणीय पहलू का उल्लेख करते हुए, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने हरित योग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा और कहा, "यह पहल व्यक्तियों को व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य के पोषण के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है।"

माननीय मंत्रीजी ने 'प्रकृति परीक्षण अभियान' की सफलता पर भी प्रकाश डाला, जिसमें 1.29 करोड़ से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया और इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त हुआ।

ओडिशा की उपमुख्यमंत्री सुश्री प्रवती परिदा ने योग की शक्ति पर जोर देते हुए कहा, "योग हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। आइए हम योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें।"

Harit Yoga launched on 75th Countdown event to IDY 2025

Bhubaneshwar witnessed a grand celebration as more than 6000 Yoga enthusiasts practiced Common Yoga Protocol at Kalinga stadium on April 7, 2025. One of the Signature Events, 'Harit Yoga' launched as Union State Minister of Ayush (I/C) Shri Prataprao Jadhav along with other dignitaries planted medicinal plants to mark the launching of one of the signature event.

Sharing insights on the 'Harit Yoga' initiative, the Hon'ble Minister emphasised, "Our health is inextricably linked to the health of our planet. Just as Yoga nourishes our mind and body, tree plantation nourishes the Earth, ensuring a greener and healthier future for generations to come."

Mentioning about sustainability and environmental aspect of Yoga, the Union Minister of State aligned Harit Yoga with PM Narendra Modi's vision of 'Ek Ped Maa Ke Naam' and said, "This initiative encourages individuals to plant trees as a symbolic act of nurturing both personal and planetary health."

Hon'ble Minister also highlighted the success of the 'Prakruti Parikshan Abhiyan' in which Prakruti Parikshan of more than 1.29 crore people was conducted earning a place in the Guiness Book of World Records.

Deputy Chief Minister of Odisha, Ms Pravati Parida thrusting on the power of Yoga said, "Yoga inspires us to adopt healthy lifestyle. Let us integrate Yoga into our daily lives. On behalf of Odisha Government, we expressed gratitude to the Government of India and Ministry of Ayush for giving Odisha an opportunity to become part of IDY 2025 in organising 75th day countdown in Bhubaneshwar."

While acknowledging the success of Yoga as a soft power at global scale, Member of Parliament, Puri

वैश्विक स्तर पर एक 'सॉफ्ट पावर' के रूप में योग की सफलता को स्वीकार करते हुए, पुरी लोकसभा के सांसद श्री संबित पात्रा ने कहा," हमारे माननीय प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण, 2014 में 177 देशों ने सर्वसम्मति से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया।"

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने उत्साहपूर्ण उपस्थिति की प्रशंसा की और कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण में रिकॉर्ड तोड़ वैश्विक भागीदारी देखने को मिलेगी।

इस कार्यक्रम में आयुष विभाग की संयुक्त सचिव मोनालिसा दास, भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास, आयुष मंत्री के ओएसडी निशांत मेहरा और कई अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति भी देखी गई।

मो.दे.रा.यो.सं. के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी के नेतृत्व में मो.दे.रा.यो.सं. के योग डेमन्स्ट्रेटर ने सामान्य योग अभ्यासक्रम का लाइव प्रदर्शन किया।

हरित योग के शुभारंभ के अवसर पर योग प्रेमियों के बीच 5000 से अधिक औषधीय पौधे वितरित किए गए। यह पहल योग को पर्यावरण चेतना के साथ जोड़ती है।

कार्यक्रम को आयुष मंत्रालय, मो.दे.रा.यो.सं. और अन्य योग संस्थानों के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित किया गया।

Lok Sabha, Sh Sambit Patra said, "Thanks to the vision of our Hon'ble PM, 177 countries unanimously adopted India's proposal to declare 21st June as IDY in 2014."

Vaidya Rajesh Kotecha, Secretary, Ministry of Ayush praised the enthusiastic turnout and noted that the 11th edition of IDY is poised to witness record-breaking global participation.

The event was also graced by the presence of Monalisa Dash, Joint Secretary, Ayush; Ms Sulochna Das, Mayor, Bhubaneshwar, Nishant Mehra, OSD to Ayush Minister and several other distinguished guests.

After the addresses, the demonstrators of MDNIY, under the leadership of Dr. Kashinath Samagandi, Director MDNIY, performed a live demonstration of the CYP.

To mark the launch of Harit Yoga more than 5000 medicinal plants were distributed amongst the Yoga enthusiasts. This initiative integrates Yoga with environmental consciousness.

The programme was streamed through various social media platforms of the MoA, MDNIY, and other Yoga institutions.

आयुष मंत्रालय की 'हरित योग' पहल ने पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण अभियान के लिए भारतीय योग संघ को किया एकजुट

पर्यावरणीय स्थिरता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय योग संघ (आईवाईए) ने अपनी राज्य इकाइयों के साथ मिलकर 22 अप्रैल, 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'हरित योग' पहल के अंतर्गत देशव्यापी वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया।

'हरित योग', आईडीवाई 2025 की दस प्रमुख गतिविधियों में से एक है, जो योग के सिद्धांतों और पर्यावरणीय चेतना के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करता है और सतत जीवनशैली के वैश्विक आह्वान के साथ तालमेल स्थापित करता है।

'हरित योग' अभियान के अंतर्गत देशभर में हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारतीय योग संघ की 12 राज्य इकाइयों—जैसे तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, नागालैंड, नई दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पुणे, जयपुर और उत्तराखंड—ने सक्रिय भागीदारी की।

मो.दे.रा.यो.सं. में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय के ओएसडी (आईडीवाई समन्वय) श्री पी.एन. रंजीत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई और समग्र स्वास्थ्य के सशक्त आधार के रूप में पर्यावरण जागरूक जीवनशैली को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

जयपुर में आयोजित एक विशेष योग सत्र ने शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय कल्याण को प्रोत्साहित किया। इस दौरान आयुर्वेदिक पेय का वितरण किया गया और एक मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण में एकजुटता का प्रतीक प्रस्तुत किया गया।

छत्तीसगढ़ में इंडियन योग एसोसिएशन की राज्य इकाई

Ayush Ministry's 'Harit Yoga' unites Indian Yoga Association for Earth Day Plantation Drive

In a significant step towards fostering environmental sustainability and holistic well-being, the Indian Yoga Association (IYA), in collaboration with its state chapters observed World Earth Day on April 22, 2025, through a nationwide tree plantation drive under the 'Harit Yoga' initiative.

Harit Yoga is one of the ten signature events of the IDY 2025, which highlights the seamless integration of Yoga's principles with environmental consciousness, aligning with the global call for sustainable living.

The nationwide plantation drive saw active participation from 12 IYA state chapters, including Tamil Nadu, Chhattisgarh, Nagaland, New Delhi, Karnataka, Maharashtra, Uttar Pradesh, Pune, Jaipur, and Uttarakhand, alongside MDNIY, New Delhi, reaffirming their collective commitment to a greener future.

The event at MDNIY, New Delhi, was graced by Shri P.N. Ranjit Kumar, OSD-IDY Coordination, Ministry of Ayush, as the Chief Guest. Shri Kumar actively participated in planting saplings and emphasised eco-conscious living as a cornerstone of holistic wellness.

Complementing the plantation efforts, a special Yoga session was organised in Jaipur to promote physical, mental, and environmental well-being, accompanied by the distribution of Ayurvedic drinks and the formation of a human chain to symbolize unity in environmental stewardship.

ने दुर्ग जिले के पाटन तहसील स्थित तेली गुंदर स्कूल में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। इस अभियान के तहत औषधीय पौधे लगाए गए और उनकी दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। इसी प्रकार के प्रयास देश के अन्य राज्यों में भी देखने को मिले, जहां योग और पर्यावरणीय संरक्षण के बीच के समन्वय को उजागर किया गया। इन अभियानों में प्राकृतिक क्लबों, एनजीओ, योग संस्थानों और सरकारी विभागों सहित विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही।

डॉ. हंसा जी योगेन्द्र, अध्यक्ष, इंडियन योग एसोसिएशन एवं निदेशक – द योगा इंस्टिट्यूट, ने 'हरित योग' की संकल्पना के लिए आयुष मंत्रालय को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, "यह पहल योग और सतत जीवनशैली के बीच के गहरे और स्वाभाविक संबंध को रेखांकित करती है। यह हमें यह सशक्त संदेश देती है कि पृथ्वी और मानव जाति का कल्याण एक–दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।"

स्वामी चिदानन्द सरस्वती, सदस्य – संचालन परिषद, आईवाईए एवं अध्यक्ष – परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश, ने नागरिकों से योग के गहन स्वरूप को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "योग आत्मा और प्रकृति के बीच सामंजस्य की यात्रा है, जो यह बोध कराती है कि हम प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग हैं।"

स्वामी भारत भूषण जी – सदस्य, संचालन परिषद, आईवाईए एवं संस्थापक, मोक्षायतन, सहारनपुर ने पृथ्वी को माता के रूप में नमन किया। उन्होंने मानवता और प्रकृति के बीच के आध्यात्मिक संबंध को विशेष रूप से रेखांकित किया।

डॉ. आनंद बालयोगी भवनानी, संयुक्त सचिव, इंडियन योग एसोसिएशन एवं अध्यक्ष, आईसीवाईईआर, पुडुचेरी ने कहा, "वृक्षासन जैसे अभ्यासों के माध्यम से योग, मां पृथ्वी से जुड़ाव को बढ़ावा देता है और पर्यावरण–हितैषी

In Chhattisgarh, the IYA State Chapter organised a tree plantation drive at Teli Gundar School, Patan Tehsil, Durg district, where medicinal plants were planted, and tree guards were installed to ensure their long-term protection. Similar initiatives across other states highlighted the synergy between Yoga and environmental action, engaging diverse stakeholders, including nature clubs, NGOs, Yoga institutions, and government bodies.

Dr. Hansaji Yogendra, President, IYA & Director, The Yoga Institute, congratulated the Ministry of Ayush for conceptualising Harit Yoga, stating, "This initiative underscores the intrinsic connection between sustainable living and Yoga, serving as a powerful reminder that the well-being of the planet and its people are deeply intertwined."

Swami Chidanand Saraswati, Member, Governing Council, IYA & President, Parmarth Niketan, Rishikesh, urged citizens to embrace Yoga's deeper essence, noting, "Yoga is a journey of harmony between the self and nature, teaching us that we are an inseparable part of the natural world."

Swami Bharat Bhushan Ji, Member, Governing Council, IYA & Founder, Mokshayatan, Saharanpur, revered the Earth as a mother, emphasising the spiritual bond between humanity and nature.

Dr. Ananda Balayogi Bhavanani, Joint Secretary, IYA & Chairman, ICYER, Puducherry, added, "Through practices like Vrikshasana, Yoga fosters a connection with Mother Earth, encouraging an environmentally-friendly attitude filled with gratitude."

Other dignitaries further enriched the narrative. Ms Ganga Nandini, Secretary, Uttarakhand State

दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है।"

अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस विचार को समृद्ध किया। सुश्री गंगा नंदिनी, सचिव, उत्तराखंड राज्य अध्याय समिति ने 2025 के विषय 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर प्रकाश डालते हुए जीवन के सभी रूपों की अंतर्संबंधता को रेखांकित किया। आचार्य प्रतिष्ठा, अध्यक्ष, भारत योग मोक्षायतन ने पेड़ों को भविष्य के स्थायी संरक्षक बताते हुए उनकी महत्ता को उजागर किया, जबकि डॉ. मृदुला, पूर्व उप निदेशक (होम्योपैथी) ने हरित ग्रह के लिए निरंतर व्यक्तिगत प्रयासों का आह्वान किया। श्रीमती सुनिला एथली, प्रिंसिपल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, वसुंधरा सेक्टर–6 ने योग और वृक्षारोपण को एक साथ जोड़ने के अपने अनुभव साझा किए, जो जागरूक क्रियाओं के माध्यम से व्यक्तिगत और वैश्विक शांति को जोड़ते हैं।

इस अभियान के माध्यम से मो.दे.रा.यो.सं., आयुष मंत्रालय का उद्देश्य यह संदेश व्यापक रूप से पहुंचाना है कि योग का सच्चा सार केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी पृथ्वी के समग्र कल्याण से भी जुड़ा है।

Chapter Committee, highlighted the 2025 theme, 'Yoga for One Earth, One World,' emphasising the interconnection of all life forms. Acharya Pratishtha, President at Bharat Yoga Mokshayatan underscored trees as lasting guardians of the future, while Dr Mridula, Former Deputy Director (Homeopathy) called for consistent individual efforts for a greener planet.

Ms Sunila Athley, Principal of Amity International School, Vasundhara, Sector-6 shared her experience of integrating Yoga and tree plantation, uniting personal and planetary peace through mindful action.

Through this campaign, MDNIY, MoA aims to amplify the message that the true essence of Yoga lies not only in personal wellness but also in planetary well-being.

जयपुर में तृतीय 'राष्ट्रीय आरोग्य 2025' में मो.दे.रा.यो.सं. ने समग्र स्वास्थ्य को दिया बढ़ावा

मो.दे.रा.यो.सं. ने तृतीय 'राष्ट्रीय आरोग्य 2025' में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। यह आयोजन अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, एनआईए, जयपुर के सहयोग से 11 से 14 अप्रैल तक एनआईए परिसर, जयपुर में आयोजित किया गया।

इस पहल के अंतर्गत संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और स्वास्थ्य विशेषज्ञों व आगंतुकों से संवाद करते हुए आयुर्वेद और योग के एकीकृत दृष्टिकोण को समग्र स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधार का प्रभावी माध्यम बताया।

प्रदर्शनी में मो.दे.रा.यो.सं. का स्टॉल प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरा, जहाँ आगंतुकों ने योग फ्यूजन का आनंद उठाया। साथ ही उन्हें व्यक्तिगत योग परामर्श, योग चिकित्सा सत्र जैसी विविध और व्यावहारिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। इन प्रयासों का उद्देश्य जन–सामान्य को योग की निवारक और उपचारात्मक क्षमताओं के प्रति जागरूक करना था, ताकि आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में इन्हें बेहतर तरीके से शामिल किया जा सके।

MDNIY promotes holistic wellness at 3rd National Arogya 2025 in Jaipur

MDNIY actively participated in the 3rd National Arogya 2025, organised by the Akhil Bhartiya Ayurveda Mahasammelan in collaboration with the National Institute of Ayurveda (NIA), Jaipur. The event was held from April 11 to 14 at the NIA Campus in Jaipur.

As part of the initiative, Dr Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, graced the event and interacted with health experts and visitors, emphasising the integrated approach of Ayurveda and Yoga in achieving holistic health and wellness.

Yoga fusion at MDNIY stall emerged as a key attraction. Visitors also gained hands-on experience through activites such as personalised Yoga consultations and Yoga therapy sessions. These activities aimed to raise awareness about Yoga's preventive and therapeutic potential in everyday life, so that they can be integrated in modern healthcare.

मो.दे.रा.यो.सं. ने 'सैल्यूटोजेनेसिस और योग थेरेपी' पर व्याख्यान का किया आयोजन

MDNIY hosts a lecture on "Salutogenesis and Yoga Therapy"

मो.दे.रा.यो.सं. में 28 अप्रैल, 2025 को "सैल्यूटोजेनेसिस और योग थेरेपीः स्वास्थ्य सेवा में एक नया प्रतिमान" विषय पर एक मासिक अभिविन्यास व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में योगाचार्य डॉ. आनंद बालयोगी भवनानी, आचार्य, योग थेरेपी और निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ सैल्यूटोजेनेसिस एंड कॉम्प्लिमेंट्री मेडिसिन (आईएससीएम); श्री बालाजी विद्यापीठ, पिल्लयारकुप्पम, पुडुचेरी ने शिरकत की।

अपने संबोधन में डॉ. भवनानी ने सैल्यूटोजेनेसिस और योग थेरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सैल्यूटोजेनेसिस स्वास्थ्य के आदर्श स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके मानव कल्याण को बढ़ावा देने पर जोर देता है, जबकि योग थेरेपी शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे समग्र कल्याण होता है।

मो.दे.रा.यो.सं. के निदेशक ने अपने संबोधन में मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा, "डॉ. भवनानी जैसे विद्वान की हमारे बीच उपस्थिति हमारे लिए गर्व की बात है। उनके बहुमूल्य विचार सैल्यूटोजेनेसिस और योग थेरेपी में एक नया प्रतिमान स्थापित करेंगे।"

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. सुमन राठौड़, सहायक आचार्य, अंग्रेज़ी ने किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

A monthly orientation lecture on the theme "Salutogenesis and Yoga Therapy: A New Paradigm in Healthcare" was organised on April 28, 2025, at MDNIY.

The keynote address was delivered by Yogacharya Dr. Ananda Balayogi Bhavanani, Professor of Yoga Therapy and Director of the Institute of Salutogenesis and Complementary Medicine (ISCM), Sri Balaji Vidyapeeth, Pillayarkuppam, Puducherry.

In his address, Dr. Bhavanani elaborated on the significance of salutogenesis and Yoga therapy. He explained that while salutogenesis emphasises enhancing human well-being by focusing on the ideal state of health, Yoga therapy seeks to unify the body, mind, and spirit, thereby promoting holistic wellness.

Welcoming the keynote speaker, Director, MDNIY, said, "It is a matter of great pride to have a scholar like Dr. Bhavanani among us. His valuable insights will help shape a new paradigm in the fields of salutogenesis and Yoga therapy."

The event was coordinated and compered by Dr. Suman Rathore, Assistant Professor, English. The session saw enthusiastic participation from all students of the Institute.

मो.दे.रा.यो.सं. में षट्कर्म कार्यशाला से व्यावहारिक ज्ञान को मिला नया आयाम

सीसीवाईपीआई छात्रों के लिए षट्कर्म कार्यशाला: मो.दे.रा.यो.सं. में 29 अप्रैल, 2025 को षट्कर्म पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला "प्रोटोकॉल प्रशिक्षकों के लिए तीन माह का योग प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सीसीवाईपीआई)" के ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों बैचों के लिए आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य छात्रों को यौगिक शुद्धिकरण प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव देकर उनके व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करना था, जो कि समग्र योग प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

योग प्रशिक्षक – तनुज यादव, दुर्गानंद दुर्गे और ललित गंगवाल के निर्देशन में प्रतिभागियों ने प्रमुख षट्कर्म क्रियाओं जैसे सूत्र नेति, जल नेति, वमन और कपालभाति का अभ्यास किया। ये प्राचीन क्रियाएं शरीर की शुद्धि कर उसे उच्चतर योग साधना के लिए तैयार करने हेतु की जाती हैं।

कार्यशाला के दौरान योग शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य इन्दु शर्मा ने योग की व्यावहारिक उपयोगिता और दैनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता पर एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया।

योग चिकित्सक डॉ. विनय कुमार भारती ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में न केवल मो.दे.रा.यो.सं. में संचालित विभिन्न योग पाठ्यक्रमों की जानकारी दी, बल्कि संस्थान की समृद्ध विरासत और योग के दार्शनिक एवं आध्यात्मिक आयामों को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने योग को आत्मिक परिवर्तन और समग्र कल्याण का माध्यम बताया।

यह कार्यशाला छात्रों के लिए सैद्धांतिक ज्ञान को प्रत्यक्ष अनुभव के साथ जोड़ने का एक सार्थक मंच साबित हुई, जो मो.दे.रा.यो.सं. द्वारा समग्र योग पेशेवरों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

Shatkarma Workshop enhances practical learning at MDNIY

Shatkarma Workshop for CCYPI: A comprehensive Shatkarma Workshop was conducted on April 29, 2025, at MDNIY for both offline and online batches of the 3-Month Certificate Course in Yoga for Protocol Instructors (CCYPI). The workshop aimed to deepen students' experiential knowledge of yogic cleansing practices - an essential aspect of holistic Yoga training.

Under the expert supervision of MDNIY Yoga Instructors-Tanuj Yadav, Durganand Durge, and Lalit Gangwal - participants engaged in key Shatkriyas such as Sutra Neti, Jal Neti, Vaman, and Kapalbhati. These practices are traditionally used to purify the body and prepare it for higher yogic disciplines.

During the workshop Indu Sharma, Assistant Professor (Yoga Education), delivered a special lecture on the practical relevance and benefits of Yoga, emphasising its integration into daily life.

In a thought-provoking address, Dr Vinay Kumar Bharti, Yoga Therapist, introduced students to the range of Yoga courses offered at MDNIY and traced the rich legacy of the Institute. He also elaborated on the philosophical depth and spiritual essence of Yoga, reinforcing its role in personal transformation and well-being.

The workshop proved to be a valuable platform for students to bridge theoretical learning with hands-on experience, aligning with MDNIY's commitment to nurturing well-rounded Yoga professionals.

फाउंडेशन कोर्स के छात्रों के लिए षट्कर्म कार्यशाला का आयोजनः मो.दे.रा.यो.सं. ने 'फाउंडेशन कोर्स इन योग साइंस फॉर वेलनेस (एफसीवाईएस सीडब्ल्यू)' के ऑनलाइन और ऑफलाइन विद्यार्थियों के लिए 21 अप्रैल 2025 को एक प्रभावशाली योग कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की अनुभवात्मक शिक्षा को सुदृढ़ करना था, जिसके अंतर्गत यौगिक शुद्धिकरण और विश्रांति तकनीकों का अभ्यास कराया गया।

कार्यशाला के व्यावहारिक सत्रों में विद्यार्थियों को पारंपरिक षट्कर्म विधियों कृ सूत्र नेति, जल नेति, और कपालभाति से परिचित कराया गया, जो आंतरिक शुद्धिकरण एवं शरीर–मन संतुलन के लिए आवश्यक माने जाते हैं। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को योग के मूल सिद्धांतों से गहराई से जोड़ने में सहायता की।

कोर्स समन्वयक दलीप कुमार ने एक सत्र में योग को दैनिक जीवन में समग्र कल्याण के साधन के रूप में अपनाने पर बल दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित स्वाध्याय और अभ्यास की प्रेरणा दी।

कार्यशाला में शारीरिक अभ्यास के साथ मानसिक विश्रांति को महत्त्व देते हुए ध्यान और योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रियंका खुराना, किरण शर्मा, साहिल खोखर, कर्मवीर आर्य, अर्जुन नायडू, और नीलकमल जैसे अनुभवी योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की गई।

Workshop for FCYScW Students: MDNIY organised a transformative workshop for both offline and online participants of the Foundation Course in Yoga Science for Wellness (FCYScW) on April 21, 2025. The workshop focused on enhancing students' experiential learning through guided practice in yogic cleansing and relaxation techniques.

As part of the hands-on training, students were introduced to traditional Shatkarma techniques including Sutra Neti, Jala Neti, and Kapalabhati — essential practices for internal purification and physical-mental balance. These sessions helped participants connect deeply with the foundational principles of Yoga.

An enlightening session led by Dalip Kumar, Course Coordinator, emphasized the importance of Yoga as a tool for holistic well-being in everyday life, encouraging students to adopt a consistent personal practice.

To complement the physical aspects of the workshop, a dedicated session on Meditation and Yoga Nidra was conducted by a team of experienced Yoga Instructors- Priyanka Khurana, Kiran Sharma, Sahil Khokare, Karamveer Arya, Arjun Naidu, and Neel Kamal. These sessions offered participants a deeper understanding of Yogic relaxation and mindfulness, fostering inner calm and mental clarity.

MEDIA COVERAGE

नवभारत
भुवनेश्वर • ओडिशा
Odisha Patrika - 08 Apr 2025 - 08bsrp1
epaper.navabharat.news

ओडिशा में हरित योग का शुभारंभ

व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य दोनों को पोषित करता है हरित योग : प्रतापराव जाधव

177 देशों ने सर्वसम्मति से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव अपनाया

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
08 अप्रैल2025

केंद्रीय मंत्री ने हरित योग का शुभारंभ किया

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में सोमवार को 6000 से अधिक लोगों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इस दौरान एक हरित योग का शुभारंभ किया गया, जिसमें आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कई लोगों के साथ मिलकर औषधीय पौधे लगाए। जाधव ने कहा, पिछले 10 वर्षों में योग एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है।

OrissaPOST
do
08 April 2025

25-DAY COUNTDOWN TO INT'L DAY OF YOGA

Capital to celebrate Yoga Mahotsav today

'Harit Yoga' nurtures both personal and planetary health -Shri Pratap Rao Jadhav

Outlook
BUSINESS MONEY TRAVELLER LUXE HINDI EATS

World Health Day 2025: Harit Yoga Nurtures Both Personal And Planetary Health, Says Union Minister

NBT
Page no - 14
Date - 08/04/2025
नवभारत टाइम्स

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम हुई तय

ET Healthworld.com

Policy - 2 Min Read

AYUSH ministry launches Harit Yoga programme in Delhi

In his Mann ki Baat address on March 30 this year, Prime Minister Narendra Modi had emphasised the importance of fitness in daily life and praised initiatives like the International Yoga Day.

PTI
Updated On Apr 7, 2025 at 03:25 PM IST

सन्मार्ग

the political and business daily
Page no - 03
Date - 08/04/2025

Harit Yoga nurtures both personal, planetary health: Union Minister

FUSION WORLD
Yoga Mahotsav

Yoga Mahotsav : Grand Prelude to IDY Organised in New Delhi

Ministry of Ayush unveils ambitious global initiatives to make Yoga more inclusive and impactful

DUMANI MAIL
Page no - 02
Date - 07/04/2025
English Daily

75-Day Countdown To International Day of Yoga To Begin In Odisha Tomorrow

DUMANI MAIL
Page no - 05
Date - 08/04/2025
English Daily

Ministry of Ayush to celebrate 'Yoga Mahotsav' on the World Health Day

indianvaidyas

TRIPURA STAR NEWS

'Harit Yoga' Nurtures Both Personal And Planetary Health: Union Minister Shri Prataprao Jadhav.

MEDIA COVERAGE

Observer Voice

Bhubaneshwar Hosts Grand Yoga Celebration

Celebrating Yoga's Global Impact

WEDNESDAY, JULY 30, 2025 SIGN IN / JOIN CONTACT

tathya

INFORMING PEOPLE

HOME ABOUT US NEWS IN ODIA

Harit Yoga Launched

DD News
6.2M subscribers
Subscribe

Moti Prataprao Jadhav और BJP MP Sambit Patra ने किया Yoga Mahotsav 2025 का उद्घाटन

ପ୍ରଗତିବାଦୀ

PRAGATIVADI

WHAT AN INDEPENDENT DAILY OUGHT TO BE

Over 6000 Yoga Enthusiasts Practiced Common Yoga Protocol at Kalinga Stadium

One of the Signature Events, 'Harit Yoga' launched as Union State Minister of Ayush Shri Prataprao Jadhav along with other dignitaries planted medicinal plants to mark the launching of the signature event. Medicinal plants were distributed to all the Yoga enthusiasts.

SWAYAM NEWS
Subscribe

AIA Akushvani

Ministry Of Ayush, Moraji Desai Institute Kick Off IYD 2025 Countdown

The Ministry of Ayush, in collaboration with the Morarji Desai National Institute of Yoga, organised the Yoga Mahotsav at Kalinga Stadium this morning, marking the 75-day countdown to the International Day of Yoga (IYD) 2025.

OdishaRay

Odisha hosts Yoga Mahotsav

Bhubaneswar (ODISHARAY) : Odisha hosted the Yoga Mahotsav 2025 at Kalinga Stadium in Bhubaneswar on Monday. The event was organised by Morarji Desai National Institute of Yoga under the Ministry of Ayush to mark the 75-day countdown to International Yoga Day (June 21). The event was graced by Union Minister Prataprao Jadhav, Odisha Deputy Chief Minister Pravati Parida, Puri MP Sambit Patra and BMC Mayor Sulochana Das. The event coinciding with World Health Day featured a grand Common Yoga Protocol demonstration from 6:30 AM to 8:00 AM at Kalinga Stadium, Bhubaneswar, in the esteemed presence of several dignitaries.

Hans India

Harit Yoga nurtures personal, planetary health: Jadhav

Bhubaneswar: Union Minister of State for Ayush, Prataprao Jadhav, on Monday launched 'Harit Yoga' and said the three of yoga will nurture both personal and planetary health.'Harit Yoga is a sustainability-driven initiative combining yoga with tree planting and clean-up drives.

Jadhav said this while inaugurating Yoga Mahotsav 2025 here, to mark the 75-day countdown to International Day for Yoga (IDY) on June 21.This event was organised by Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY) under the Ministry of Ayush at Kalinga Stadium.Here he said that 'Harit Yoga is part of the 10 signature events of IDY 2025. Jadhav and other dignitaries planted medicinal plants to mark the launching of the signature event.

TheSamikhsya

Odisha Yoga Connect: More than 6000 Yoga enthusiasts practiced in Bhubaneshwar

Odisha Yoga Connect: Bhubaneshwar witnessed a grand celebration as more than 6000 Yoga enthusiasts practiced Common Yoga Protocol at Kalinga stadium today. One of the Signature Events, 'Harit Yoga' launched as Union State Minister of Ayush Shri Prataprao Jadhav along with other dignitaries planted medicinal plants to mark the launching of the signature event. Medicinal plants were distributed to all the

Health Dialogues

What is Harit Yoga? Recent Initiative Launched by Ayush Minister

Bhubaneswar: The Ministry of Ayush launched 'Harit Yoga', a new initiative aimed at integrating environmental sustainability with personal well-being, during the Yoga Mahotsav held at Kalinga Stadium, Bhubaneswar.

The initiative was inaugurated by Union Minister of State for Ayush (Independent Charge), Shri Prataprao Jadhav, as part of the 75-day countdown to the International Day of Yoga (IDY) 2025.

Global Governance news
Asia's 1st Bi-lingual News Portal on Governance & Politics

Harit Yoga Unites Wellness and Sustainability Ahead of International Day of Yoga 2025

Bhubaneswar: In a landmark initiative blending personal wellness with environmental responsibility, the Union Minister of State for Ayush (Independent Charge), Shri Prataprao Jadhav, today launched 'Harit Yoga', one of the 10 Signature Events leading to the International Day of Yoga (IDY) 2025. The event was celebrated with fervor at Kalinga Stadium, Bhubaneswar, where over 6,000 Yoga enthusiasts performed the Common Yoga Protocol (CYP) and more than 5,000 medicinal plants were distributed.

आईडीवाई 2025 के 81वें दिन पूर्व लखीमपुर खीरी ने योग अभियान से बढ़ाई स्वास्थ्य चेतना

आईडीवाई से 81वें दिन पूर्व योग कार्यक्रम 1 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी स्थित राजकीय महाविद्यालय स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ ने आयोजित कराया। इस आयोजन का उद्देश्य योग की गहराई से जुड़े तत्वों–एकता, जागरूकता और प्रकृति के साथ सामंजस्य –को जनमानस तक पहुँचाना था।

इस अवसर पर एक संकल्प समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें योग के सिद्धांतों को पर्यावरणीय सततता से जोड़ते हुए भागीदारों ने संतुलित जीवन की दिशा में योगदान का वचन लिया।

हरियाली की दिशा में एक प्रतीकात्मक प्रयास के रूप में प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए।

Lakhimpur Kheri spreads health awareness through Yoga programme, 81 days ahead of IDY 2025

As part of the 81-day countdown to IDY 2025, more than 700 participants gathered on 1st April, 2025 at the Government Inter College Sports Ground in Lakhimpur Kheri, Uttar Pradesh, for a vibrant CYP session.

Organised by the Akhil Bhartiya Yog Shikshak Mahasangh, the event emphasised the deeper essence of Yoga — unity, awareness, and harmony with nature.

A key highlight was a special pledge uniting the principles of Yoga with environmental sustainability.

As a symbolic step toward a greener future, tree saplings were distributed among participants.

भागलपुर ने आईडीवाई के 80वें दिन पूर्व पर मनाया योग कार्यक्रम

आईडीवाई 2025 के आयोजन में अब केवल 80 दिन शेष हैं। इस अवसर को चिह्नित करते हुए सत्यभामा योग प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर सेंटर ट्रस्ट, बिहार ने मो.दे.रा.यो.सं., आयुष मंत्रालय के सहयोग से 2 अप्रैल 2025 को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, भागलपुर (बिहार) में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य योग के बहुमुखी लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जनता के बीच सीवाईपी अपनाने को बढ़ावा देना था।

सीवाईपी सत्र के बाद एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में योग की भूमिका पर जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम को मो.दे.रा.यो.सं. और एमओए के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रचार–प्रसार मिला।

Countdown to IDY-2025 begins with enthusiastic celebration in Bhagalpur

With just 80 days to go until the IDY 2025, the Satyabhama Yoga Prakritik Chikitsa & Acupressure Centre Trust, Bihar, in collaboration with MDNIY, MoA, organised a vibrant countdown event on April 2, 2025. The programme took place at Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya in Bhagalpur, Bihar.

The aim of the event was to raise awareness about the multifaceted benefits of Yoga and to promote the adoption of the CYP among the public.

The CYP session followed by a seminar emphasising Yoga's role in holistic health and wellness.

The event received significant outreach through social media platforms managed by MoA, MDNIY.

आईडीवाई से पहले जालंधर में 79वें दिन का कार्यक्रम सम्पन्न

आईडीवाई 2025 के 79वें दिन के उपलक्ष्य में 3 अप्रैल 2025 को पंजाब के जालंधर स्थित कपूरथला चौक पर एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गवर्नमेंट आर्ट्स एंड स्पोर्ट्स कॉलेज, जालंधर द्वारा मो.दे.रा.यो.सं., आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणबीर सिंह ने की, जिसमें कई संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

सीवाईपी सत्र का नेतृत्व डॉ. चारू शर्मा और डॉ. निधीश कुमार यादव ने किया, जिसमें कॉलेज के छात्रों ने भी भाग लिया।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी श्री गुरप्रीत सिंह और यूनिटी क्रिटिकल केयर एंड मल्टी–स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की सीईओ डॉ. रुचि सिंह शामिल हुए।

कॉलेज के योग विभाग ने सीवाईपी का अभ्यास किया। साथ ही 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर एक सत्र भी आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों और उनके प्रशिक्षुओं, खेल विद्यालय के छात्रों और 35 एनसीसी कैडेटों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

Glorious 79-Day celebration in Jalandhar sets tone for IDY-2025

Government Arts & Sports College, Jalandhar, in collaboration with MDNIY, MoA, organised 79-day countdown to IDY 2025 at Kapurthala Chowk, Jalandhar, Punjab on April 3, 2025.

The programme was chaired by the Dr Ranbir Singh, Principal of the college, along with several faculty members. A community Yoga session and a thematic discourse on 'Yoga for One Earth, One Health' were conducted by the college's Yoga department.

CYP session was led by Dr Charu Sharma and Dr Nidish Kumar Yadav, accompanied by the students from college. Mr Gurpreet Singh, Districts Sports Officer; Dr Ruchi Singh, CEO, Unity Critical Care & Multi-speciality Hospital and Caregiver NGO, graced the event as special invitees.

The event witnessed active participation from Yoga coaches and their trainees, students from the sports school, and with 35 NCC cadets, emphasising the deep-rooted connection between sports and Yoga.

आईडीवाई 2025 के 78वें दिन पूर्व कार्बी आंगलोंग में योग और स्वास्थ्य का संगम

आईडीवाई 2025 के 78वें दिन की पूर्व प्रस्तुति के अवसर पर 4 अप्रैल 2025 को असम के कार्बी आंगलोंग स्थित डीफू पुलिस रिजर्व कैंप में गुवाहाटी के योगेश्वर संस्थान ने एक प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री दिव्य ज्योति डेका के नेतृत्व में सीवाईपी सत्र से हुई, जो असम के एक प्रसिद्ध योग शिक्षक हैं। उन्होंने पिछले पांच वर्षों से असम के राज्यपाल को योग सिखाया है।

बाद में, योगाचार्य सुभाशीष कर ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग टिप्स साझा किए।

जल नेति पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने इस प्राचीन योग तकनीक के माध्यम से श्वसन और साइनस स्वास्थ्य बनाए रखने का तरीका सीखा।

कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य, सद्भाव और एक स्वस्थ समाज के लिए दैनिक जीवन में योग के महत्व को बढ़ावा देने वाले संदेशों के साथ हुआ।

Yoga and wellness unite: 78-Day Countdown to IDY 2025 observed in Karbi Anglong

As part of the 78-day countdown to IDY 2025, Yogesvara Sansthan, Guwahati, organised a dynamic Yoga event on April 4, 2025 at the Diphu Police Reserve Camp in Karbi Anglong, Assam.

The event started with a CYP session led by Shri Dibya Jyoti Deka, a renowned Yoga teacher from Assam. He has been teaching Yoga to the Governor of Assam for the past five years.

Later, Yogacharya Subhashish Kar shared helpful Yoga tips for better health.

A practical workshop on Jal Neti was also held teaching participants this ancient Yoga technique for respiratory and sinus health.

The programme concluded with messages promoting wellness, harmony, and the importance of Yoga in daily life for a healthier society.

ओडिशा के गंजम में आईडीवाई 2025 के 77वें दिन पूर्व कार्यक्रम का आयोजन

आईडीवाई 2025 की 77वें दिन की पूर्व प्रस्तुति के अवसर पर ओडिशा के गंजम जिले के रालाबा स्थित संकल्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 5 अप्रैल 2025 को एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महान संघ, जातीय सेवा, सांस्कृतिक एवं केंद्र अनुष्ठान, ओडिशा द्वारा मो.दे.रा.यो.सं., आयुष मंत्रालय के सहयोग से संपन्न हुआ।

योग उत्सव के दौरान प्रतिभागियों ने शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को प्रोत्साहित करने वाले विभिन्न योग प्रदर्शन और व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों ने यह दर्शाया कि योग किस प्रकार दैनिक जीवन में प्रासंगिक और उपयोगी है।

कार्यक्रम की व्यापक डिजिटल कवरेज मो.दे.रा.यो.सं.; आयुष मंत्रालय तथा महान संघ के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर की गई।

A grand event was organised in Ganjam, Odisha, 77 days ahead of IDY 2025

